Raebareli News: रायबरेली में पकड़ी गई नकली पनीर की फैक्ट्री, दुकानदारों में हड़कम्प

Raebareli News: त्योहारी सीजन में बाजार में नकली पनीर खपाने की तैयारी में जुटे कारोबारियों पर रायबरेली पुलिस ने शिकंजा कस दिया। पुलिस द्वारा की गई छापेमारी की कार्रवाई में अवैध पनीर बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ होने से कारोबारियों हड़कम्प है। अधिकांश दुकानदारों से शटर गिरा दिये हैं और दायें बायें होकर मामले की टोह लेने में जुट गए हैं। आपको बता दें कि पुलिस की छापेमारी में बड़ी मात्रा में सिंथेटिक मिल्क पाउडर और पनीर भी हुआ बरामद हुआ है। लगभग 70 कुंतल पनीर के साथ 14 बोरी मिल्क पाउडर को पुलिस की छापेमारी में जब्त किया गया है। मौके से एक व्यक्ति को भी पुलिस ने लिया हिरासत में लिया है। बाकी नकली पनीर बनाने वाले मास्टर माइंड की तलाश चल रही है।

**Source:** [https://newstrack.com/uttar-pradesh/raebareli/fake-cheese-factory-caught-in-raebareli-panic-among-shopkeepers-474393](https://newstrack.com/uttar-pradesh/raebareli/fake-cheese-factory-caught-in-raebareli-panic-among-shopkeepers-474393)